हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 7 अगस्त 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 सावन की पहली झमाझम बारिश से किसानों...



09 सड़कों पर दुकानदारों का कब्जा



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान आज से शुरू

**विदिशा।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 का जिले में आज शुभारंभ होगा। यह अभियान 8 जनवरी 2027 तक चलेगा। प्रत्येक शुक्रवार अधिकारियों का पूरा समय फील्ड भ्रमण के लिए निर्धारित रहेगा तथा नियमित बैठकों पर रोक रहेगी। भ्रमण से पहले सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी के लंबित मामलों की समीक्षा कर उनका निराकरण किया जाएगा। भ्रमण के दौरान जनसंवाद और उद्योग संवाद कर शिकायतों का मौके पर समाधान किया जाएगा।

### 726 लाड़ली लक्ष्मी को मिला योजना का लाभ

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की पहल पर लाड़ली लक्ष्मी योजना के वर्षों से लंबित 726 पात्र बालिकाओं के प्रकरणों का निराकरण कर उन्हें विशेष प्रकरण मानते हुए स्वीकृति प्रदान की गई। समीक्षा बैठक में सामने आए मामलों पर त्वरित कार्रवाई के बाद अब इन बालिकाओं को योजना के सभी लाभ मिल सकेंगे। प्रत्येक बालिका को 1.43 लाख का आश्वासन प्रमाण-पत्र मिलेगा। योजना के तहत कक्षा 6वीं से 12वीं तक छात्रवृत्ति, उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहन राशि तथा 21 वर्ष की आयु पूर्ण करने और निर्धारित शर्तें पूरी होने पर 1 लाख की अंतिम राशि बैंक खाते में दी जाएगी।

### यादव समाज समिति के अध्यक्ष बने हरिओम

**लटेरी।** यादव समाज सेवा समिति की बैठक में सर्वसम्मति से शिक्षक एवं समाजसेवी हरिओम यादव को अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन पर समाज के लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर मिठाई बांटी। हरिओम यादव स्वर्गीय शिक्षक चुन्नीलाल यादव के सुपुत्र हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का चल समारोह उनकी अध्यक्षता में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

### कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में एनसीसी इकाई द्वारा स्वच्छ परिसर अभियान चलाया गया। प्राचार्य डॉ. बीडी अहीरवार के मार्गदर्शन एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. विनीता प्रजापति के संयोजन में कैडेट्स ने परिसर की साफ-सफाई कर प्लास्टिक व अन्य अपशिष्ट एकत्रित कर उनका उचित निस्तारण किया। इस दौरान छात्राओं को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

### भागवत को बताया सात दिनों में मुक्ति का मार्ग

**विदिशा।** विनायक बैंक्विट हॉल में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक संतोष शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत ऐसा दिव्य ग्रंथ है, जो सात दिनों में भी मुक्ति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि कथा मन को सांसारिक मोह से हटाकर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन करती है तथा सच्चे आनंद की अनुभूति कराती है। कथा में हास्य, श्रृंगार, वीर, करुण सहित सभी रसों का वर्णन है। इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन, लक्ष्मी नारायण दंडोतिया, विष्णु प्रसाद शास्त्री, मनोहर राजोरिया सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

### 2 प्रकरणों में जिलाबदर की कार्रवाई के आदेश

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने एसपी के प्रतिवेदन पर दो प्रकरणों में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए हैं। राहुल जोशी पिता राधेलाल जोशी उम्र 31 साल निवासी शनि मंदिर के पीछे तथा महेन्द्र धाकड़ पिता महाराज सिंह धाकड उम्र 33 साल निवासी नटेरन को जिला बदर किया गया है। दोनों विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से तीन-तीन माह की अवधि के लिए निष्कासित किए गए है।

**संवेदनहीन हुई मां की ममता, पुलिस ने दिखाई संवेदनशीलता**

## डीएफओ कार्यालय के पास एक माह की नवजात लाड़ली को सड़क किनारे छोड़ गया कोई, एनसीसी की छात्राओं ने पुलिस को दी सूचना, एसपी ने अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया, उपचार शुरू

***कभी-कभी वर्दी सिर्फ कानून की नहीं, इंसानियत की भी पहचान बन जाती है। डीएफओ कार्यालय के पास मिली करीब एक माह की नवजात मासूम बच्ची को देखकर एसपी रोहित काशवानी ने बिना देर किए अपनी गाड़ी में बैठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार शुरू कराया गया। संवेदनशीलता और मानवता का यही भाव पुलिस की सबसे बड़ी पहचान है।***

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गुरुवार सुबह जैन कॉलेज ग्राउंड डीएफओ कार्यालय के पास एक माह की बच्ची को कोई फेककर चला गया। सबसे पहले एनसीसी की छात्राओं की नजर उस नवजात बच्ची पर पड़ी, उन्होंने पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एसपी रोहित काशवानी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बच्ची को अपनी सरकारी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

**नवजात बच्ची को गाड़ी से अस्पताल ले जाते एसपी**



### 1.6 किलो वजन, एनसीसीयू में भर्ती

जिला अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, नवजात बच्ची का वजन करीब 1.6 किलोग्राम है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर और स्वस्थ है। उसे अस्पताल के न्यूबॉर्न क्रिटिकल केयर यूनिट (एनसीसीयू) में चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है, जहां उसका उपचार जारी है।

### बच्ची को शिशु गृह भेजा जाएगा

महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी विनीता कासवा ने बताया कि सड़क किनारे पड़ली मिली नवजात इस बच्ची के पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद नियमानुसार शिशु गृह भेजा जाएगा, जहां उसकी व्यवस्थित तरीके से देखभाल की जाएगी।

**ज्ञापन: सराफा व्यापारी को गोली मारकर लूट के मामले में बढ़ रहा आक्रोश**

## लुटेरों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए सराफा व्यापारी पहुंचे एसपी के पास, टीमें सक्रिय

- गोली मारकर लूटने की वारदात से मचा हड़कंप।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पिपलधार के हाट बाजार से लौटते समय बुधवार को विदिशा के सर्राफा व्यापारी संजय कैलाशनारायण सोनी रायसेन गेट एवं उनके पुत्र यश सोनी के साथ हुई 40 लाख रुपए से अधिक की लूट और हत्या के प्रयास की घटना से सराफा व्यापारियों में भारी आक्रोश है।

गुरुवार को सराफा व्यापारियों ने व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन सहित पदाधिकारियों के साथ एसपी रोहित काशवानी को ज्ञापन देकर शीघ्र गिरफ्तारी की मांग रखी। एसपी श्री काशवानी का कहना है कि आरोपियों की तलाश के लिए 8 से 9 विशेष टीमें गठित की गई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। व्यापारियों ने मांग की कि आसपास के क्षेत्रों में हाट-बाजारों में जाने वाले सराफा व्यापारियों को सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस उपलब्ध कराए जाएं तथा प्रत्येक हाट बाजार में नियमित पुलिस गश्त सुनिश्चित की जाए। इस दौरान राजेश सर्राफ, राजेश सोनी खुबाल, रूपेश गर्ग, लोकेश चौधरी, पवन सोनी, राजकुमार गर्ग, किशोर सोनी, राजी जैन, मुकेश सोनी, पुनीत जैन, राहुल चौधरी, नीलू सोनी, महेश सोनी, प्रशांत सोनी, नीरज सोनी आदि मौजूद रहे।

**सर्राफा व्यापारियों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, लुटेरों की गिरफ्तारी की मांग**



**विदिशा।** लुटेरों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए शहर के सराफा व्यापारी।

### सराफा व्यापारी पर हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, कांग्रेस नेताओं ने अस्पताल में जाना हाल

शमशाबाद थाना क्षेत्र में पिपलधार हाट से लौटते समय सराफा व्यापारी संजय सोनी को गोली मारकर जेवरात लूटने की घटना पर कांग्रेस नेताओं ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर, पूर्व प्रदेश महामंत्री पंकज जैन, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू और जिला प्रवक्ता सुशील शर्मा ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायल व्यापारी का हालचाल जाना। नेताओं ने घटना को कानून-व्यवस्था की विफलता बताते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। रवि साहू ने चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

### यह है पूरा मामला

5 अगस्त बुधवार की शाम सराफा व्यापारी संजय सोनी अपने बेटे के यश के साथ पिपलधार की हाट कर लौट रहे थे। तभी रास्ते में बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने संजय सोनी को रोककर कट्टे से फायर किया। गोली उनके हाथ में लगी, जबकि धक्का-मुक्की में उनका बेटा भी घायल हो गया। बदमाश करीब 25 किलो चांदी और 30 ग्राम सोने सहित जेवरों से भराबैग लूटकर फरार हो गए। एसपी ने तीनों आरोपियों पर 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। इधर साइबर सेल भी जांच में जुटी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ जिलेभर में नाकाबंदी कर संदिग्धों की तलाश कर रही है। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि पुलिस मुस्तैदी के साथ जुटी हुई है। लुटेरों को शीघ्र गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**लाखों खर्च, मरीज और परिजन सीढ़ियां चढ़ने मजबूर**

## मेंटेनेंस के नाम पर 12 लाख से अधिक वसूल रही कंपनी, जिला अस्पताल की ज्यादातर लिफ्ट बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा के जिला अस्पताल को भले ही अव्वल दर्जे की व्यवस्थाओं के लिए पुरस्कार मिल रहे हों, लेकिन हकीकत कुछ और है। अधिकारियों और टीम के निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर पुरस्कार प्राप्त कर लिए जाते हैं, इसके बाद वही पुराना ढर्रा शुरू हो जाता है। अब मामला है 4 मंजिला जिला अस्पताल में लगी लिफ्ट का है। जिनके मेंटेनेंस के लिए अस्पताल प्रबंधन हर साल करीब 12 लाख रुपए से अधिक खर्च कर रहा है, लेकिन अधिकांश लिफ्ट बंद पड़ी रहती हैं।

मनमानी

सतना की एक कंपनी शिवाय एसोसिएट्स को लिफ्ट मेंटनेंस का ठेका दिया गया है। जिसकी लापरवाही के कारण मरीजों को 4 मंजिल तक सीढ़ियों से चढ़कर जाना पड़ रहा है। लिफ्ट नंबर 7 का दरवाजा अपने आप खुल और बंद हो रहा है। हाल ही में इसी लिफ्ट में रात के समय दो लोग अंदर ही फंस गए थे। 5 और 6 नंबर की लिफ्ट बंद ही पड़ी है। शेष अटक अटक कर चल रही हैं। जिससे हादसों का खतरा बना हुआ है। अस्पताल में एक दिन में औसतम 400 से 600 मरीज पहुंचते हैं। लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी मरीजों और उनके परिजनों को अब भी सीढ़ियां ही चढ़ना पड़ रही हैं।



### कई नोटिस दिए, नहीं सुधर रही है व्यवस्था

लिफ्टों के मेंटनेंस में लगातार लापरवाही करने पर अस्पताल प्रबंधन ठेका लेने वाली शिवाय एसोसिएट्स कंपनी को कई बार नोटिस जारी कर चुका है। इसके बाद भी कोई सुधार नहीं किया जा रहा और लगातार मनमानी की जा रही है।

## ट्रक की चपेट में आने से सेवानिवृत्त पटवारी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सिविल लाइन थाना अंतर्गत बुधवार की दोपहर अहमदपुर बायपास ओवरब्रिज पर एक ट्रक की टक्कर से सेवानिवृत्त पटवारी कल्याण सिंह मीना की मौत हो गई।

वह मूलतः पुरा गौसांई गांव के रहने वाले थे। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हे मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जहां शव का पोस्ट मार्टम किया गया। टीआई राजपाल सिंह जादौन ने बताया कि आरएमपी नगर फेस-1 में रहने वाले कल्याण सिंह मीना अपनी बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान वह ट्रक की चपेट में आ गए। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### जज कॉलोनी फीडर से बार-बार गुल हो रही बिजली

**विदिशा।** जज कॉलोनी फीडर से अघोषित कटौती की जा रही है। दिन में कई बार बिजली गुल हो रही है। बुधवार को बिना सूचना के करीब 3 घंटे से अधिक बिजली गुल रही। वहीं गुरुवार को भी बार बार बिजली जाती रही। बिजली कंपनी से इसकी कोई सूचना नहीं दी। जिसके कारण लोग घंटों तक बिजली के इंतजार में बिजली से संबंधित अपने काम रोके बैठे रहे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों से पुरस्कार आवेदन आमंत्रित

**विदिशा।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने वर्ष 2025 के राज्य एवं जिला स्तरीय विभागीय पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। महिलाओं एवं बच्चों के क्षेत्र में समाज सेवा, सुरक्षा, वीरता और साहसिक कार्य करने वाले व्यक्ति एवं संस्थाएं 31 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। रानी अवन्ती बाई, राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा, मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा, राष्ट्रमाता पदमावती सहित विभिन्न पुरस्कार दिए जाएंगे। आवेदन का प्रारूप विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक आवश्यक दस्तावेजों सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कार्यालय में निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा करें।

## अब स्कूली बच्चों की सुरक्षा व अतिक्रमण हटाने और यातायात सुधार पर सड़क सुरक्षा समिति का फोकस

**6 माह में 8,591 चालान, 33.58 लाख की वसूली, हाईमास्ट लाइट और संकेतक लगाने दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गुरुवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही और शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने पर चर्चा की गई।

अधिकारियों ने सभी विभागों को समन्वय के साथ समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में पाइपलाइन कार्य के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत, जिला न्यायालय व प्रमुख चौराहों पर रंबल स्ट्रिप, रोड मार्किंग, साइन बोर्ड और कॉशन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका ने बताया कि अधिकांश स्थानों पर मरम्मत कार्य पूरा हो चुका है। स्कूल बसों एवं ऑटो में विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले 55 ऑटो चालकों पर कार्रवाई की और 27 हजार 500 रुपये का शमन शुल्क वसूला। वहीं नगर पालिका और यातायात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सड़क अतिक्रमण हटाते हुए 1 लाख 97 हजार रुपये तथा ठेले-गुमठियों के खिलाफ करीब 350 प्रकरण दर्ज कर लगभग 2 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया।




**विदिशा।** बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए एसपी व अपर कलेक्टर।

## अब ट्रैक्टर ट्रॉली में नहीं जाना पड़ेगा स्कूल, प्रशासन ने छात्रों के लिए दो बसों की व्यवस्था की

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नटेरन स्थित शासकीय सांदीपनी हाई स्कूल के विद्यार्थियों की परिवहन संबंधी शिकायतों पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बस व्यवस्था को सुदृढ़ कर सभी रूटों पर परिवहन सुविधा सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है।

जांच में सामने आया कि विद्यालय के 302 विद्यार्थियों के लिए तीन बसें संचालित हो रही थीं, जिनसे 186 विद्यार्थियों को ही लाभ मिल रहा था। जबकि बेलानारा और नरखेड़ा खड़या रूट के 122 विद्यार्थी बस सुविधा से वंचित थे।समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) से समन्वय कर सुबह के समय दो अतिरिक्त बसों की व्यवस्था कराई है। बसों का



दो चरणों में संचालन किया जाएगा, जिससे सभी विद्यार्थियों को उनके गांव से विद्यालय तक सुरक्षित और समय पर पहुंचाया जा सके।प्रशासन ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय प्राचार्य को प्रतिदिन सुबह 8 बजे विद्यालय पहुंचकर बस व्यवस्था की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। उद्देश्य यह है कि परिवहन के अभाव में किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई प्रभावित न हो और सभी छात्रों को नियमित, सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

**जरूरत पड़ने पर ही मामलों को कानूनी प्रक्रिया में भेजना है उद्देश्य**

## पुलिस पंचायत में समझाइश से हुआ समाधान, बेटे की उपेक्षा से भरण-पोषण तक 4 मामलों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

वरिष्ठ नागरिकों की पारिवारिक और सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम में सीनियर सिटिजन पुलिस पंचायत आयोजित की गई।

पंचायत में बेटे की उपेक्षा, भरण-पोषण और पारिवारिक विवादों से जुड़े चार मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस और कोर कमेटी ने दोनों पक्षों को सुनकर संवाद और समझाइश के जरिए समाधान का प्रयास किया। जिन मामलों में सहमति नहीं बन सकी, उन्हें आगे की वैधानिक प्रक्रिया के लिए भेज दिया गया। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में सीनियर सिटिजन पुलिस पंचायत आयोजित की गई। पंचायत का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और संवेदनशील तरीके से समाधान करना था। बैठक में कोर कमेटी के सदस्य डॉ. सचिन गर्ग, डीके बाजपेयी, आरके कुलश्रेष्ठ, विनोद के शाह, अजय टंडन, प्रमोद व्यास और पार्थ पीतलिया मौजूद रहे। सभी मामलों में दोनों पक्षों की बात सुनकर समाधान निकालने का प्रयास किया गया।

पहले मामले में गंजबासौदा के एक वरिष्ठ नागरिक ने अपने बेटे के दुर्व्यवहार की शिकायत दर्ज कराई। पंचायत के दौरान दोनों पक्षों को सुनने के बाद समिति ने पाया कि विवाद की मुख्य वजह आपसी संवाद की कमी है। समझाइश के बाद मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए बासौदा शहर थाना प्रभारी को निर्देश दिए गए।



**विदिशा।** पुलिस कंट्रोल रूम में वरिष्ठ नागरिकों की पंचायत लगी।

### भरण-पोषण विवाद में नहीं बनी सहमति

दूसरे मामले में विदिशा की एक महिला ने पति की मृत्यु के बाद जेठ द्वारा भरण-पोषण बंद किए जाने की शिकायत रखी। पंचायत में दोनों पक्षों के बीच सहमति बनाने का प्रयास किया गया, लेकिन समाधान नहीं निकल सका। इसके बाद मामला आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए विधिक सेवा वॉलिंटियर को सौंप दिया गया। बैठक में दो अन्य प्रकरणों की भी सुनवाई हुई। इनमें कुछ मामलों में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, जबकि कुछ मामलों में संबंधित पक्षों और साक्षियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अगली सुनवाई की तारीख तय की गई।

## बासौदा मंडी भाव

गेंहू
न्यूनतम भाव-2483
उच्चतम भाव-4600
धान
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3695
मटर
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-3200
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7860
बटरी
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-2900
चना
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-6466
मक्का
न्यूनतम भाव-1965
उच्चतम भाव-2106
उड़द
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-7850
जौ
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-2365
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-7090
मसूर
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-9310
धनिया
न्यूनतम भाव-14200
उच्चतम भाव-14400

### कृषि मण्डी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 6200.5 बोरों उपज की आवक दर्ज की गई।

## खबर संक्षेप

### दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**गंजबासौदा।** शहर थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया ने बताया कि न्यायालय के प्रकरणों में फरार चल रहे विक्की उर्फ फुन्दई अहिरवार तथा मनोज अहिरवार, दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 14 इंद्रानगर, की तलाश की जा रही थी।

### महिला की मौत, पति सास और देवर गिरफ्तार

**गंजबासौदा।** शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया ने बताया कि जांच में सामने आया कि ग्राम मुरादपुर निवासी स्वाति अहिरवार को उसके पति लोकेश अहिरवार, सास पुष्पावाई अहिरवार और देवर भागवत अहिरवार द्वारा दहेज में मायके से मोटरसाइकिल लाने के लिए लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। प्रताड़ना से परेशान होकर स्वाति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जांच के आधार पर शहर थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया। मामले में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 80(2), 85, 3(5) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। मामले में आगे की जांच जारी है।

### लगभग डेढ़ घंटे तक लगातार चलता रहा झमाझम बारिश का दौर

# सावन की पहली झमाझम बारिश से किसानों, आमजन के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





गुरुवार को दोपहर के बाद नगर सहित ग्रामीण अंचलों में सावन की पहली झमाझम बारिश हुई। जिससे किसानों एवं आम नागरिकों के चेहरे खिल उठे हुए। करीब डेढ घण्टे से अधिक समय तक झमाझम बारिश होने से जहां सोयाबीन, उडद एवं धान की फसलों को जीवनदान मिल गया है,वहीं नदी नालों एवं जलाशयों में भी पानी बढ जाने से राहत मिली है। हांलाकि तेज बारिश का दौर थमने के बाद से खबर लिखे जाने तक नगर सहित आसपास के क्षेत्र में रिमझिम बारिश का दौर जारी है और रात में भी अच्छी बारिश की संभावना है।

यहां उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से समूचे क्षेत्र में एक साथ अच्छी बारिश नहीं हुई थी। जिससे सोयाबीन एवं उडद की फसलें प्रभावित हो रही थीं और इन फसलों के फूल की अवस्था में होने के बावजूद बारिश न होने के चलते किसान भी इनमें पोषक एवं कीटनाशकों का छिडकाव नहीं कर पा रहे थे। जिससे फसलों पर कीटों एवं मच्छरों का प्रकोप बढ गया था। साथ ही रह रहकर हुई बारिश से सोयाबीन के पौधे भी औसत से अधिक बढ गए हैं। ऐसे में बारिश न होने से उपज प्रभावित होने की संभावना बढ गई थी। वहीं धान उत्पादक किसानों को भी बारिश न होने से धान की फसल को लेकर गहरी चिंता सताने लगी थी। हालत यह थी कि नदी नालों जलाशयों में पर्याप्त पानी न होने और नलकूपों का भी जलस्तर कम होने से किसान धान की क्यारियों में पानी नहीं भर पा रहे थे। हांलाकि कहीं बूंदाबांदी तो कहीं बौछारों की खंडवृष्टि हो रही थी, लेकिन पूरे क्षेत्र को तरबतर करने वाली बारिश की सभी कामना कर रहे थे।

इस बीच गुरूवार को आसमान में दोपहर बाद गहराए बादलों से शाम को गरज चमक एवं ऋहवा के साथ झमाझम बारिश का दौर शुरु हो गया। नगर सहित आसपास के गांवों में भी करीब डेढ घंटे तक हुई जोरदार बारिश ने फसलों को ही नहीं लोगों को भी भरपूर राहत दे दी है। किसानों का कहना है कि अब अच्छी बारिश होने से फसलों में पोषक एवं कीटनाशकों का छिडकाव शुरू हो जाएगा। वहीं धान की फसल के लिए भी यह बारिश काफी राहतकारी है। हांलाकि डेढ घंटे की जोरदार बारिश से इलाका तरबतर हो गया है और इसके बाद से लेकर खबर लिखे जाने तक भी इलाके में रिमझिम बारिश का दौर जारी है। इस लिहाज से माना जा रहा है कि रात में भी इलाके में अच्छी बरसात होती रह सकती है।

दूसरी ओर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी 12 अगस्त तक इलाके में अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। हांलाकि इन वेबसाइटों ने आगामी 24 अगस्त के बाद से इलाके में अल्प वर्षा या मानसून की विदाई की भी संभावना व्यक्त की है।

## वाणी जाएंगी कजाखिस्तान, महिमा पहुंची हांगकांग





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नवांकुर की पूर्व छात्रा और एनसीसी कैडेट वाणी राठौर का चयन राष्ट्रीय कैडेट फॉर यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम 2026 के तहत कज़ाख़िस्तान की यात्रा के लिए हुआ है। यह चयन कठोर प्रक्रिया, उत्कृष्ट प्रदर्शन, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन के आधार पर हुआ है। वाणी 4 मध्य प्रदेश बटालियन एनसीसी कैडेट है। यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम एनसीसी का एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसके माध्यम से चयनित कैडेट विभिन्न देशों में जाकर भारत की संस्कृति, परंपराओं, राष्ट्रीय मूल्यों व युवा शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं। वाणी 10 अगस्त को फ्लाइट से कज़ाख़िस्तान के लिए प्रस्थान करेगी। जहां वह 16 अगस्त तक रहेंगी और तत्पश्चात स्वदेश लौटेंगी। वहीं विद्यालय की एक और पूर्व छात्रा एवं मध्यप्रदेश स्टेट मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाली महिमा दांगी का चयन 16 वें एशियन साइंस कैंप के लिए भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रारंभिक रूप से किया गया। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय विज्ञान शिविर 2 से 8 अगस्त तक यूनिवर्सिटी ऑफ हांगकांग, पोकफुलम हांगकांग में आयोजित किया जा रहा है। भारत से इस शिविर के लिए केवल 20 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन किया गया था, जिनमें महिमा दांगी भी शामिल हैं। इस शिविर में विभिन्न देशों के मेधावी विद्यार्थी विज्ञान, अनुसंधान, नवाचार तथा वैश्विक सहयोग से जुड़े विषयों पर सहभागिता कर रहे हैं। विद्यालय परिवार ने दोनों पूर्व छात्राओं वाणी राठौर और महिमा दांगी को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर ग्राम जीवाजीपुर के आंगनवाड़ी केंद्र में (GRAAM) की स्वास्थ्य स्वराज परियोजना के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती एवं धात्री माताओं को स्तनपान के महत्व, शिशु पोषण एवं संतुलित आहार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान (GRAAM) की स्वास्थ्य स्वराज परियोजना से वीर सिंह लोधी ने वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से गर्भवती एवं धात्री माताओं को जन्म के तुरंत बाद स्तनपान प्रारंभ करने, पहले छह माह तक केवल माँ का दूध पिलाने तथा माँ एवं शिशु के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किरण कुशवाह ने भी माताओं को उचित खानपान, पोषण एवं शिशु देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में सहायिका नेहा, आशा कार्यकर्ता कृष्णा बाई तथा गर्भवती एवं धात्री माताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### एलबीएस कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित

**गंजबासौदा।** एलबीएस कालेज में नव प्रवेशित बीकाम प्रथम वर्ष छात्रों का दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नव प्रवेशित बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्रों को कालेज के विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापकों ने अपने अपने विभागों से जुड़ी सुविधाओं और योजनाओं से अवगत कराया। कॉमर्स विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज सक्सेना ने नव प्रवेशित बीकॉम छात्रों को समझाया कि सभी छात्र- छात्राओं को अनुशासन, मर्यादा और शिक्षा के लिए प्राध्यापक सहित सीनियर छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन लेना चाहिए। प्राचार्य डॉ. पीयूष दुबे ने छात्रों को बताया कालेज शिक्षा और स्कूल शिक्षा में अंतर होता है, यहां भी अधिकतम उपस्थिति और सतत मूल्यांकन व्यवस्था में खरा उतरना जरुरी है। कार्यक्रम में कुलेन्द्र श्रीवास्तव, सारिका देव, रुबिना ठाकुर, निधि शर्मा, पूनम तिवारी, एनएसएस प्रभारी नम्रता अरोरा ने कॉलेज में विभागों की जानकारी दी।

## नगरपालिका ने चलाया विशेष जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





आगामी त्योहारों को देखते हुए नगर पालिका स्वास्थ्य अमले द्वारा गुरुवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान खाद्य सामग्री की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की जांच की गई। साथ ही प्रतिबंधित एवं निर्धारित मानक से कम गुणवत्ता वाली पॉलीथिन का उपयोग करते पाए जाने पर कई दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया। नगर पालिका सीएमओ ने बताया कि व्यापारियों को खाद्य सामग्री की गुणवत्ता बनाए रखने तथा प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग न करने की हिदायत दी गई। अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों के दौरान आमजन के स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। नगरपालिका अमले द्वारा नगर में अचानक जांच अभियान चलाए जाने की जानकारी मिलते ही होटल, चाट, फुल्की एवं अन्य खाद्य सामग्री विक्रेताओं में हडकंप मच गया और कई दुकानदार दुकानों में साफ सफाई एवं रखी खाद्य सामग्री की जांच करते देखे गए।

## सैंटएसआरएस के तीन खिलाड़ी संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश शासन खेल विभाग के अंतर्गत शालेय कीड़ा प्रतियोगिताओं में सैण्ट एस.आर.एस पब्लिक स्कूल के तीन खिलाड़ियों हर्षित लोधी कक्षा 12, माधव श्रीवास्तव कक्षा 9 एवं तेजस्विनी मलैया कक्षा 8 का चयन संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नगर के डॉल्फिन विद्यालय में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित हुई थी। जिस में कड़े मुकाबले में तीनों छात्रों ने अपना नाम संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए दर्ज कराया। यह प्रतियोगिता सीहोर में आयोजित की जाएगी। खिलाड़ियों की सफलता पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक, शिक्षिकाओं ने सभी खिलाड़ियों तथा उनके कोच कपिल गौड़ को बधाइयाँ देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

## पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



**गंजबासौदा।** उमा यश अकादमी स्कूल में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय में उपस्थित हुए। विद्यालय आगमन पर उनका नन्हे मुन्हें बच्चों द्वारा तिलक कर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, यूथ आइकन अभिषेक सुमन, अंशुल पाराशर, अनुभव कटारे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उमा यश अकादमी के डायरेक्टर ब्रजेश रघुवंशी एवं विद्यालय की प्राचार्या पूजा दांगी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात प्रियंक कानूनगो ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर एक पेड़ माँ के नाम अभियान को आगे बढ़ाया तथा विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टॉफ को पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश दिया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण



**गंजबासौदा।** गुरुवार को त्योंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अपर कलेक्टर ओपी सनोडिया, एसडीएम अनुभा जैन, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी, जनपद पंचायत सीईओ ने निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाओं एवं रजिस्टर आदि की जांच की। विभिन्न वार्डों में पहुंचकर भर्ती मरीजों से चर्चा की एवं स्टॉफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### वैश्यनाथ अवतार का प्रसंग सुन भाव भिवोर हुए श्रद्धालुगण

## जहां निष्काम भक्ति होती है, वहीं प्रकट होते हैं महादेव: पं. भार्गव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



निष्काम भक्ति, सत्यनिष्ठा और समर्पण ही भगवान शिव तक पहुंचने का सबसे सरल मार्ग है। यही संदेश श्रावण मास में श्री राम-जानकी मंदिर, खेड़ापति गौधाम में आयोजित 27 दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भगवान शिव के 84 अवतार चरित्र वर्णन महोत्सव के आठवें दिवस वैश्यनाथ अवतार की कथा से मिला। भगवान शिव द्वारा नंदा की भक्ति की परीक्षा और अंततः उसे मोक्ष प्रदान करने का मार्मिक प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। शिव कथा वाचक पं. धर्मेन्द्र भार्गव ने बताया कि नंदा नामक वेश्या भगवान शिव की अनन्य भक्त थी। उसकी निष्काम भक्ति, सत्यनिष्ठा और वचनपालन की परीक्षा लेने के लिए भगवान शिव वैश्यनाथ के रूप में उसके पास पहुंचे। उन्होंने अपना दिव्य रत्नलिंग नंदा को धरोहर के रूप में सौंपते हुए उसकी रक्षा का दायित्व दिया। कुछ समय बाद दैवयोग से रत्नलिंग अग्नि में भस्म हो गया। इसे अपनी अमूल्य धरोहर का नाश मानकर वैश्यनाथ ने चिता बनाकर उसमें प्रवेश कर लिया। नंदा ने पूर्व में दिया गया पत्नी धर्म निभाने का वचन याद करते हुए स्वयं भी अग्नि में प्रवेश करने का संकल्प लिया। जैसे ही वह चिता की ओर बढ़ी, भगवान शिव अपने दिव्य स्वरूप में प्रकट हो गए। उन्होंने नंदा की निष्कपट भक्ति, अडिग सत्यनिष्ठा और वचनपालन से प्रसन्न होकर उसे साक्षात दर्शन दिए तथा मोक्ष का वरदान प्रदान किया। पं. भार्गव ने कहा कि भगवान शिव के लिए न कोई ऊंच-नीच है, न जाति-पांति और न ही किसी का सामाजिक व्यवसाय। भोलेनाथ केवल निर्मल हृदय, अटूट श्रद्धा और निष्काम भक्ति को स्वीकार करते हैं। पं. भार्गव ने कहा कि यह प्रसंग सिद्ध करता है कि भगवान शिव के लिए किसी व्यक्ति का कुल, जाति, व्यवसाय अथवा सामाजिक प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि उसकी निष्कपट भक्ति, सत्य के प्रति अटल निष्ठा और वचनपालन ही सर्वोपरि है। जो भक्त पूर्ण श्रद्धा और समर्पण के साथ भगवान शिव का स्मरण करता है, उस पर भोलेनाथ की कृपा अवश्य बरसती है। कथा के दौरान पूरा पंडाल 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालु शिवमय वातावरण में डूब गए।

## मूंग खरीदी को लेकर लगाया आरोप



**गंजबासौदा।** इन दिनों नगर के बंजारी माता मंदिर वेयर हाउस पर समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी की जा रही है। इस खरीदी को लेकर कुछ किसान जहां व्यवस्थाओं और तुलाई को लेकर संतुष्ट नजर आ रहे हैं, वहीं कुछ किसान अव्यवस्थाओं की शिकायत कर रहे हैं। गुरूवार को भी त्योंदा के किसान नीरज एवं मनोज अपनी मूंग की खरीदी न होने पर अधिकारियों को शिकायत करने पहुंचे। जिस पर उनकी समस्या का निराकरण किया गया। इस संबंध में खरीदी केन्द्र प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि संबंधित किसान की मूंग गुणवत्तायुक्त नहीं थी। इसलिए वे शिकायत कर रहे थे। किसान अपनी मूंग छनवा रहे हैं। सुबह फिर गुणवत्ता की जांच के बाद ही उनकी मूंग खरीदी जा सकेगी।

## शिव पुराण कथा में सुनाया शिव एवं उमा चरित्र प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



पचमा रोड पर कुर्मी कॉलोनी में शिव पुराण के पंचम दिवस शिव चरित्र एवं उमा चरित्र का वर्णन करते हुए पंडित केशव गुरु ने बताया ब्रह्मा विष्णु शिव तीनों ही एक ब्रह्म स्वरुप हैं। इनमें भेद करना पाप का कारण माना गया है। विष्णु भगवान शिव का हृदय है एवं शिव का हृदय भगवान विष्णु है इसी कारण हमारे यहां सभी तीर्थ धाम में भगवान नारायण के साथ में शिव की स्थापना आवश्यक है। बद्रीनाथ में केदारनाथ शिव के रूप में विराजित है द्वारिका में सोमनाथ के रूप में जगन्नाथ पुरी में लिंगराज के रूप में एवं रंगनाथ दक्षिण में रामेश्वर के रूप में भगवान शिव एवं विष्णु की विशेषता हमारी संस्कृति में दिखाई गई है एवं विष्णु में भेद के कारण ही दक्ष प्रजापति के यज्ञ का विध्वंश हुआ। अंत में शिव ने ही दक्ष प्रजापति के सिर पर बकरे का सर लगाकर उन्हें पुनर्जीवन प्रदान किया अंतिम वासना अगले जन्म का कारण बनती है, अंते या मति सा गति शिव में अपनी बुद्धि को लगाकर सती ने शरीर का त्याग किया। अतः उमा के रूप में भगवती पुनः अवतरित हुई भगवती श्रद्धा स्वरूप है एवं शिव विश्वास का रूप है सुनने में दोनों एक से ही प्रतीत होते हैं लेकिन श्रद्धा विश्वास में बड़ा ही बुनियादी अंतर है। श्रद्धा एक जगह से दूसरी जगह बदलती रहती है। श्रद्धा का जन्म होता है लेकिन विश्वास अजन्मा है और स्थाई रहता है सच्ची श्रद्धा ही अंत में विश्वास रूपी शिव का वर्णन करती है और श्रद्धा विश्वास के मिलन होने पर ही राम कथा का जन्म रामचरितमानस में हुआ है। कथा के अंत में अमर सिंह रघुवंशी, नेतराम रघुवंशी ,निरंजन प्रजापति तथा अन्य श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आरती संपन्न की। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

### बिजली हुई गुल

**गंजबासौदा।** हर बार की तरह इस बार भी गुरूवार की शाम को तेज बारिश का दौर शुरु होने के दौरान विद्युत कंपनी द्वारा नगर एवं गांवों में बिजली प्रदाय बंद कर दिया गया। जिससे बारिश के दौरान नागरिकों, दुकानदारों को अंधेरे में समय निकालना पड़ा।


### आखिर अतिक्रमणकारियों के आगे क्यों घुटने टेक देती है नगर पालिका?

# सड़कों पर दुकानदारों का कब्जा

**प्रशासन बेबस :** मिनी इंदौर बनाने का सपना, अतिक्रमण पर सख्त हुए सीएमओ राम प्रकाश साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

शहर की मुख्य सड़कों, बाजारों और प्रमुख चैराहों पर लगातार बढ़ते अतिक्रमण ने आम नागरिकों का जीना मुश्किल कर दिया है। हालात यह हैं कि जहां रात के समय चार-चार बडें वाहन एक साथ आसानी से निकल जाते हैं, वहीं दिन में यही सड़कें दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी परेशानी का सबब बन जाती हैं। सड़कों पर दुकानदारों द्वारा सामान फैलाकर किए गए कब्जे के कारण पूरे दिन जाम जैसी स्थिति बनी रहती है और राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। नगर के मुख्य बाजारों में कई दुकानदारों ने न केवल सड़क तक अपना व्यापार फैला रखा है, बल्कि नालियों पर भी स्थायी रूप से कब्जा जमा लिया है। इससे पैदल चलने वालों के लिए जगह नहीं बचती और वाहन चालकों को भी जोखिम उठाकर निकलना पड़ता है। कई स्थानों पर सड़क इतनी संकरी हो गई है कि दो वाहन आमने-सामने आने पर लंबा जाम लग जाता है।



**वर्षों से अतिक्रमण की समस्या जस की तस**

शहर की जिन सड़कों पर रात के समय भारी वाहन भी बिना किसी बाधा के निकल जाते हैं, वहीं दिन में अतिक्रमण के कारण वाहनों की रफ्तार बेहद धीमी हो जाती है। दोपहिया वाहन चालकों को बार-बार रुकना पड़ता है, जबकि चार पहिया वाहन चालकों को घंटों जाम का सामना करना पड़ता है। बाजार क्षेत्र में खरीदारी के लिए आने वाले लोग भी इस अव्यवस्था से परेशान हैं। वही आम नागरिको की मानें तो स्थानीय प्रशासन व नगर पालिका समय-समय पर अतिक्रमण हटाने के लिए मुनादी और अनाउंसमेंट कर दुकानदारों को चेतावनी देती है। कार्रवाई की सूचना मिलते ही कई दुकानदार कुछ समय के लिए अपना सामान अंदर कर लेते हैं, लेकिन जैसे ही अभियान समाप्त होता है, दो-तीन दिन बाद फिर सड़कों पर वही स्थिति दिखाई देने लगती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमणकारियों की मानसिकता बन चुकी है कि नगर पालिका कुछ दिन अभियान चलाएगी और फिर कार्रवाई ठंडी पड़ जाएगी। इसी सोच का फायदा उठाकर वे दोबारा सड़क पर सामान रख देते हैं। यही कारण है कि वर्षों से अतिक्रमण की समस्या जस की तस बनी हुई है।

### चेतावनी: निर्धारित सीमा से बाहर रखा सामान तत्काल हटाएं

नगर को स्वच्छ, व्यवस्थित और मिनी इंदौर के रूप में विकसित करने की दिशा में नगर पालिका ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू ने नगर के मुख्य बाजार का निरीक्षण किया और सड़क एवं नालियों पर सामान रखकर व्यापार करने वाले दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्धारित सीमा से बाहर रखा गया सामान तत्काल हटाएं, अन्यथा नगर पालिका द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सीएमओ राम प्रकाश साहू ने कहा कि शहर की सड़कें आमजन के आवागमन के लिए हैं, न कि उन पर स्थायी रूप से व्यापार करने के लिए। यदि शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाना है तो सभी नागरिकों और व्यापारियों को सहयोग करना होगा।

### प्रशासन की सख्ती पर उठ रहे सवाल

शहरवासियों का मानना है कि यदि नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन लगातार और नियमित कार्रवाई करें तथा बार-बार नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना एवं कठोर दंड लगाया जाए, तो अतिक्रमण पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। लेकिन अभियान कुछ दिनों तक चलने के बाद बंद हो जाने से अतिक्रमणकारियों के हौंसले और बुलंद हो जाते हैं। नगर के कई हिस्सों में दुकानदारों ने नालियों को ढंककर या उन पर स्थायी रूप से सामान रखकर कब्जा कर लिया है। इससे सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है और बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या भी बढ़ जाती है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में स्थिति और गंभीर हो सकती है। शहरवासियों ने नगर पालिका से मांग की है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर न रह जाए, बल्कि नियमित अभियान चलाकर सड़क और नालियों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। साथ ही बार-बार नियम तोड़ने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को जाम और अव्यवस्था से राहत मिल सके।

### रक्षाबंधन पर नगर पालिका का बड़ा अभियान

# 21 दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई 19 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

रक्षाबंधन जैसे प्रमुख त्योहार को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद सिरोंज ने शहर में मिठाई एवं नाश्ता दुकानों पर विशेष सघन निरीक्षण अभियान चलाया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू के निर्देशन में स्वास्थ्य शाखा की टीम ने शहर के प्रमुख बाजारों में पहुंचकर दुकानों की स्वच्छता, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, पेयजल व्यवस्था तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग की जांच की। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए 21 चालान बनाए गए तथा 19 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई। नगर पालिका की टीम ने पुराना बस स्टैंड, राज बाजार, कोर्ट गेट, चांदनी चैक एवं कथाली बाजार क्षेत्र की मिठाई एवं नाश्ता दुकानों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानों में साफ-सफाई, खाद्य सामग्री के सुरक्षित रख-रखाव, पेयजल की गुणवत्ता तथा ग्राहकों को उपलब्ध कराई जा रही मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों की स्थिति का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान नपा अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान ग्राहकों को केवल स्वच्छ, ताजी एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री ही उपलब्ध कराई जाए।



### त्योहारों में नागरिकों का स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू ने कहा कि रक्षाबंधन जैसे त्योहारों पर मिठाइयों और खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ जाती है। ऐसे समय में नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और आने वाले दिनों में भी निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। वही नगर पालिका ने सभी मिठाई एवं नाश्ता विक्रेताओं से अपील की है कि वे स्वच्छता के मानकों का पालन करें, गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री का उपयोग करें, प्रतिबंधित प्लास्टिक से बचें एवं स्वस्थ सिरोंज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### अखबारी कागज में खाद्य सामग्री देने पर रोक

नपा स्वास्थ्य शाखा ने दुकानदारों को विशेष रूप से चेतावनी दी कि मिठाई, समोसे, कचौरी अथवा अन्य खाद्य सामग्री को अखबारी कागज या किसी भी प्रकार के प्रिंटेड कागज में पैक या परोसा न जाए। उन्होने कहा कि ऐसे कागजों की स्याही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। इसके स्थान पर केवल फूड-ग्रेड पेपर एवं स्वीकृत पैकेजिंग सामग्री का ही उपयोग किया जाए। अभियान के दौरान नगर पालिका ने प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर भी सख्ती दिखाई। नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों से 19 किलो पॉलीथिन जब्त की गई और 21 चालानी कार्रवाई करते हुए भविष्य में दोबारा ऐसी गलती न करने की चेतावनी दी गई। साथ ही सभी व्यापारियों को शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए।

# लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मिले कांग्रेस नेता हुकुम काका



**सिरोंज।** भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के नेतृत्व में चन्द्रोदय तीर्थ क्षेत्र चांदखेड़ी के अध्यक्ष, मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज के अनन्य भक्त एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री हुकुम काका ने नई दिल्ली पहुंचकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान देश के लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय तथा समाज के वंचित एवं उपेक्षित वर्गों के अधिकारों सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर हुकुम काका ने राहुल गांधी के नेतृत्व एवं जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि वे संविधान की मूल भावना को मजबूत करने तथा सामाजिक न्याय को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होने कहा कि राहुल गांधी देश के वंचित, शोषित एवं उपेक्षित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य कर रहे हैं।

### विद्यार्थियों को जीवनरक्षक उपायों की दी जानकारी

# सांदीपनि विद्यालय में सर्पदंश और आपदा प्रबंधन पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**सिरोंज।** सांदीपनि विद्यालय में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं होमगार्ड विभाग के संयुक्त सहयोग से सर्पदंश एवं आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आपदा के समय सतर्कता, सही निर्णय और त्वरित बचाव के उपायों से अवगत कराना तथा वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को जहरीले एवं विषहीन सांपों की पहचान, सर्पदंश होने पर क्या करें और क्या न करें, प्राथमिक उपचार की सही विधि तथा पीड़ित को शीघ्र अस्पताल पहुंचाने के महत्व की विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों से अंधविश्वासों से दूर रहकर केवल वैज्ञानिक एवं चिकित्सकीय उपचार अपनाने की अपील की गई। इस अवसर पर जागरूकता संबंधी पुस्तिकाओं का भी वितरण किया गया। इसके अलावा विद्यार्थियों को आग लगने, बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सुरक्षित रहने के व्यावहारिक उपाय बताए गए। प्रशिक्षकों ने बिना लाइफ जैकेट के प्लास्टिक की बोतलों की सहायता से अस्थायी तैराकी उपकरण तैयार करने का लाइव प्रदर्शन किया, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखने के तरीके समझाए जा सकें।

# गरीबों की सेवा कर मनाया गया राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का जन्म दिवस

**सिरोंज।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के जन्मदिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष जुनेद खान द्वारा सेवा एवं समर्पण का प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सहयोग संस्था में गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को भोजन कराकर जन्मदिवस को जनसेवा के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसर खान ने किया। वहीं उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा कि भावना से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही सच्ची मानव सेवा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक भोजन वितरित किया गया तथा सभी के उज्ज्वल भविष्य एवं खुशहाल जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस सचिव ओसफ हुसैन,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सेफू,पार्षद रामदयाल विश्वकर्मा सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु की कामना की।

# पिपरिया मार्ग ओवरब्रिज के पास सड़क से लगकर अतिक्रमण

### क्षतिग्रस्त सड़क और गेटों से बिगड़ रहा वाहनों का संतुलन

**एमपीआरडीसी और टोल ठेकेदार की बनी हुई है उदासीनता**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

बरेली-पिपरिया मार्ग फोरलेन 45 पर बना ओवर ब्रिज के आसपास और नीचे अतिक्रमण के साथ बने गड्ढे क्षतिग्रस्त सडक़ हमेशा जाम लगने और वाहनों के संतुलन बिगडऩे का कारण बन रहे हैं।

मुख्य सडक़ से लगकर दुकान संचालित हो रही है जिससे निकलने वाला पानी और गंदगी सडक़ पर बनी रहकर बदबू फैलने का कारण बन रही है वहीं ओवर ब्रिज के नीचे के आसपास भारी संख्या में लगने वाली दुकानों के कारण हमेशा वाहनों का जाम लगा रहता है उनके दोनों और बनी साइड की सडक़ भी क्षतिग्रस्त होकर गड्ढे बन रहे हैं और वाहनों का संतुलन बिगड़ रहता है।



जिम्मेदार उदासीन पिपरिया मार्ग के ओवर ब्रिज के नीचे आसपास सडक़ क्षतिग्रस्त और गड्ढे भारी वाहनों का भारी आवागमन होने के दौरान हमेशा जाम लगता रहता है ओवर ब्रिज के आसपास की बदहाल स्थिति को सुधारने के प्रति एमपी आरडीसी और टोल ठेकेदार की उदासीनता बनी हुई है जो कभी भी बड़े जानलेवा हादसे का कारण बन सकती है।

# नगर की कृष्णा सिटी कॉलोनी में रास्ते को लेकर हुआ विवाद, दोनों पक्ष पहुंचे थाने

**जबरन विवाद, बोर्ड लगाकर भ्रम फैलाने का आरोप**

**दोनों पक्षों ने दिए आवेदन पुलिस कर रही जांच**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

फोरलेन 45 के किनारे विकसित हो रही श्री कृष्णा सिटी कॉलोनी में रास्ते का विवाद थाने तक पहुंच कर चर्चाओं का विषय बन रहा है। कॉलोनाइजर बल्लभ माहेश्वरी और अभिषेक धाकड़ के बीच प्लांट के विवाद और रास्ते को लेकर अपने-अपने पक्ष, दावे हैं।

दोनों के द्वारा थाने में आवेदन दिए गए जिनकी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। विवाद के कारण कॉलोनी के आसपास का माहौल खराब हो रहा है।



श्री वल्लभ माहेश्वरी के अनुसार खसरा नंबर 318 में विधिवत भूखंड खरीद कर कॉलोनी जाने का रास्ता बनाया जा रहा है। खसरा नंबर 410 की विद्या भूमि पर सभी जरूरी अनुमतियां प्राप्त कर कॉलोनी के विकास कार्य किया जा रहे हैं।

प्रवेश द्वार पर भूमि विवादित और न्यायालय से स्थगन आदेश का बोर्ड लगाकर लोगों में भ्रम फैलाया जा रहा है कहा कि इस मामले इस संबंध में न्यायालय में कोई प्रकरण विचार अधिनियम नहीं है।

### विवाद की स्थिति

अभिषेक अपनी मां और नानी के साथ कॉलोनी पहुंचे विवाद किया निर्माण स्तर पर लोगों के साथ पहुंच कर उत्पादन मचाया मोनू ठाकुर के साथ मारपीट की। रास्ते की एक प्लांट विवादाइस्पद बताया जा रहा है।

### इनका कहना है

श्री कृष्णा कॉलोनाइजर वल्लभ माहेश्वरी एवं अभिषेक धाकड़ दोनों ने आवेदन दिए हैं। पुलिस द्वारा हस्तक्षेप कर शांति और निगरानी रखी जा रही है। राजस्व विभाग के निर्देश बाद पुलिस कार्रवाई की जाएगी।

**- कपिल गुप्ता,** टीआई बरेली।

खसरा नंबर 410 की भूमि पर वैधानिक अनुमति लेकर कॉलोनी विकसित की जा रही है। खसरा नंबर 318 में खरीदे गए प्लाटों के नामांत्रण आधिपत्य के बाद कॉलोनी का रास्ता बनाया जा रहा है।

**- वल्लभ महेश्वरी,** कॉलोनाइजर श्री कृष्णा सिटी बरेली

# दो दिन से रुक-रुक कर हो रही बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सावन का महीना सूखा बीत रहा था बुधवार-गुरुवार को दिन में दोपहर को मौसम बना रहा आसमान में बादल छाए रहे तो दिन में निवासियों को तेज धूप का भी सामना करना पड़ा। दिन में अनेक बार रुक-रुक कर बारिश होने से सुख रही धान वाले खेतों में कुछ पानी आ जाने से बड़ी राहत मिली।

पिछले 10-12 दिनों से क्षेत्र में बारिश न होने से धान की फसलों की स्थिति खराब हो रही थी। मंदिरों में भजन कीर्तन और क्षेत्र में बारिश की प्रार्थना की जा रही थी। सावन का पहला सोमवार भी विन बारिश का बीत गया मंगलवार को बूंदाबांदी जरूर हुई परंतु बुधवार गुरुवार को हुई बारिश ने किसानों में उम्मीद जगा दी कि अब बारिश का दौर शुरू होगा।

### 25 प्रतिशत मूंग तौल चुके किसान फिर स्लॉट बुक कर रहे

# समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद, समय और केंद्र कम, मूंग की मात्रा अधिक

**क्षेत्र के सभी प्रमुख मार्गों पर मूंग से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लाइन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

जिन किसानों ने जुलाई में सरकार की नीति के अनुसार 25 प्रतिशत मुंह समर्थन मूल्य पर तौल दी। 1 अगस्त के बाद नई खरीदी के अनुसार उन्हें 35 प्रतिशत मूंग बेचने पुनः स्लाट बुक करना और तोल के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

धान की खेती किसानी के महत्वपूर्ण समय में क्षेत्र के हजारों किसान सभी काम छोडक़र सिर्फ मूंग की तोल कराने सक्रिय बने हुए हैं। क्षेत्र के सभी मूंग खरीदी केंद्रो के बाहर सडक़ों के किनारो पर मूंग से भरी सैकड़ो ट्रैक्टर ट्रालियों की लाइने लगी हुई है।



### समय और केंद्र कम मूंग अधिक

दो दिनों से रुक रुक कर बारिश हो रही है एक दर्जन से अधिक वेयरहाउस मूंग खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। स्लॉट बुक करने और तोल का समय और खरीदी केंद्रो की संख्या कम होने के कारण वेयरहाउसों पर किसानों की भीड़ लग रही है।

वेयर हाउस के भीतर ही मूंग की तोल हो रही है। वेयरहाउसों के बाहर बारिश या धूप से बचने कोई इंतजाम न होने से किसान हैरान परेशान हो रहे हैं।

सबसे अधिक ट्रैक्टर ट्रालियो की संख्या पिपरिया मार्ग पर अलीगंज, गुरारिया रोड, भोडिया मार्ग किनगी रोड, मांगरोल मार्ग, मेहरा गांव मार्ग पर बनी हुई है। सैकड़ो ट्रैक्टर ट्रालिया निरंतर खड़ी रहने से इन मार्गों पर आवा गमन अस्त-व्यस्त और प्रभावित हो रहा है।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति संतोषी यादव पत्नि श्री विवेक यादव निवासी सुल्तानजहांपुर गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड शाखा विदिशा से लोन प्राप्त करने हेतू आवेदन प्रस्तुत किया है उनके द्वारा एक मकान जिसका क्षेत्रफल 30x40=1200 वर्गफिट है जो कि आराजी क्रमांक 329/45/1(S) वार्ड क्रमांक 13 छत्रपति शिवाजी वार्ड गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. में स्थित है जिसकी चतुर्थ सीमाएँ इस प्रकार हैं पूर्व में 15 फीट चौड़ा रोड़ पश्चिम में रोहित साहू का मकान उत्तर में बालाप्रसाद श्रीवास्तव का मकान दक्षिण में सुरेश कुमार गोहिल का प्लॉट है जो उनके द्वारा उक्त मकान के पूर्व स्वामी श्रीमति प्रतिभा नायक पत्नि श्री रमाकांत शर्मा निवासी ग्राम छीरखेड़ा तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. के से ई-विक्रयपत्र क्रमांक MP45IGR18122026A100899868 दिनाँक 21-07-2026 को क्रय किया गया था । उक्त संपत्ति की लिंक डीड जो उसके पूर्व स्वामी श्रीमति राधाबाई पत्नि हनुमत सिंह राजपूत निवासी वार्ड क्रमांक 15 लोहागढ़ ग्राम गढ़ी तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. ने उक्त मकान के पूर्व स्वामी श्रीमति जगदंबा देवी पत्नि श्री प्रेमनारायण निवासी गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. से विक्रयपत्र क्रमांक 231 दस्तावेज क्रमांक 344 दिनाँक 28-10-2000 को क्रय किया गया था उक्त मूल रजिस्ट्री कहीं खो गई है काफी तलाश करने पर भी वह नहीं मिल पा रही है। उक्त मकान पर श्रीमति संतोषी यादव पत्नि श्री विवेक यादव निवासी सुल्तानजहांपुर गैरतगंज तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. द्वारा लोन प्राप्त करने हेतु मेरे पक्षकार आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड शाखा विदिशा मे आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उक्त मकान पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो या उक्त लिंक डीड रजिस्ट्री दिनाँक 28-10-2000 पर किसी भी प्रकार का कोई हक आदि हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित प्रथम तल, जिला न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस के ऊपर विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. मे आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

भवदीय **आशीष श्रीवास्तव एडवोकेट**
प्रथमतल, जिला सत्र न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस बैंक के ऊपर, नेशनल इंश्योरेंस के पास, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. मो.नं. 9685965100






### नॉन एसी बसों में 40 प्रतिशत और एसी बसों में 50 फीसदी तक वृद्धि

# यात्री बसों में अब देना होगा 2 रुपए प्रति किमी किराया, यात्रियों पर बढ़ेगा अतिरिक्त बोझ

## फिलहाल कई जिलों में पुराने किराये पर ही चल रहीं बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेशभर के सभी जिलों में यात्री बसों के किराये में बढ़ोतरी कर दी है। दरअसल नई दरें 5 अगस्त से लागू कर दी गई हैं। सामान्य (ऑर्डिनरी) यात्री बसों में अब 2 रुपए प्रति किलोमीटर जो पूर्व में 1.30 पैसे प्रति किमी था। वर्तमान में डीलक्स बसों में 13 पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि की गई है। इस निर्णय के बाद लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ दुगुना पड़ेगा।

हालांकि, रायसेन जिले के बस ऑपरेटरों ने फिलहाल बढ़ा हुआ किराया लागू नहीं किया है। बस संचालकों विजय खत्री, राधाकृष्ण आडवाणी, कमल आडवाणी, सूर्या राठौर, ज्ञान मालवीय, सरदार अमरीक सिंह बबल का कहना है कि जब तक जिला प्रशासन और जिला परिवहन विभाग रायसेन से स्पष्ट निर्देश और संशोधित परमिट संबंधी प्रक्रिया पूरी नहीं होती। तब तक यात्रियों से पुरानी दरों के अनुसार ही किराया लिया जाएगा। इससे फिलहाल यात्रियों को राहत मिली है।

बस ऑपरेटरों के अनुसार, नई दरें लागू होने के बाद नॉन एसी बसों के किराये में



करीब 40 प्रतिशत और एसी बसों के किराये में 50 प्रतिशत की वृद्धि का असर दिखाई देगा। कई प्रमुख मार्गों पर किराया लगभग डेढ़ से दो गुना तक बढ़ सकता है।

### ऑपरेटर बोले- सिर्फ किराया बढ़ाने से नहीं चलेगा काम

मप्र बस ऑनर्स एसोसिएशन और रायसेन बस ट्रेवल्स ऑपरेटर यूनियन की अध्यक्ष रजनी शर्मा उपाध्यक्ष विजय खत्री सरदार अमरीक सिंह के पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार ने उनकी एक प्रमुख मांग तो मान ली।लेकिन परिवहन व्यवसाय से जुड़ी अन्य लंबित मांगों पर अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। उनका कहना है कि परमिट, टैक्स, राष्ट्रीयकरण और पुरानी बसों की आयु सीमा जैसे मुद्दों का समाधान भी जरूरी है। यदि इन समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो भविष्य में बस संचालन प्रभावित हो सकता है।

काबिले गौर फरमाने वाली बात यह है कि फिलहाल जिले के यात्रियों को बढ़े हुए किराये का असर नहीं झेलना पड़ रहा है। लेकिन आने वाले दिनों में नई दरें लागू होने की पूरी संभावना जताई जा रही है। इससे रोजाना बस से सफर करने वाले यात्रियों के मासिक यात्रा खर्च में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हो सकती है।

### प्रमुख मार्गों पर संभावित किराया

- रायसेन से भोपाल : 100 से 110 रु.
- रायसेन से विदिशा : 70 से 80 रु.
- रायसेन से गैरतगंज : 100 से 110 रु.
- रायसेन से सिलवानी : 160 से 180 रु.
- रायसेन से बेगमगंज : 160 से 180 रु.

### रात की बसों में 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क संभव

जिले में बस यात्रियों को जल्द ही बढ़े हुए किराए का सामना करना पड़ सकता है। जिला परिवहन विभाग की नई किराया दरें लागू होने की तैयारी के बीच बस ऑपरेटरों ने भी साफ कर दिया है कि यदि समय पर बस परमिट जारी नहीं किए तो कई बसों का संचालन प्रभावित हो सकता है। बस ऑपरेटरों का कहना है कि सरकार और परिवहन विभाग को किराया संशोधन के साथ परमिट संबंधी प्रक्रियाओं का भी समय पर निराकरण करना चाहिए। ताकि बस सेवाएं बिना किसी व्यवधान के जारी रह सकें। यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो कई रूटों पर बस संचालन प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है।

### किराया वृद्धि के साथ बस परमिट भी समय पर पूरी होना जरूरी

बस ऑपरेटर एसोसिएशन रायसेन की जिलाध्यक्ष रजनी शर्मा, उपाध्यक्ष विजय खत्री ने बताया कि संशोधित यात्री किराया दरों के अनुसार सामान्य बसों में करीब 2 रुपए प्रति किलोमीटर की दर से किराया लिया जाएगा। वहीं रात्रिकालीन बस सेवाओं में सामान्य किराए की तुलना में 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगने की संभावना है।

अध्यक्ष रजनी शर्मा ने कहा कि किराया वृद्धि के साथ-साथ बस परमिट की प्रक्रिया भी समय पर पूरी होना जरूरी है। यदि बसों के परमिट जारी नहीं किए गए तो कई रूटों पर बसों का संचालन बंद करना पड़ सकता है।

### इनका कहना है

शासन स्तर पर परिवहन विभाग को किराया वृद्धि संबंधी नोटिफिकेशन जारी हो गया है। जल्द ही किराया दो रुपए प्रति किमी बढ़ने की संभावना है।
**रीतेश कुमार तिवारी,** प्रभारी आरटीओ रायसेन

### हलाली नलजल परियोजना ठप

# 8-10 दिन से शहर में पानी नहीं, हैंडपंप-टैंकरों के भरोसे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। करीब 33 करोड़ रुपए की लागत से बनी हलाली नल जल प्रदाय परियोजना तकनीकी खराबी के कारण ठप होने से पिछले 8 से 10 दिनों से शहर के अधिकांश हिस्सों में पानी की सप्लाई बंद है। नलों में पानी नहीं आने से हजारों परिवार बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। लोग हैंडपंपों और निजी टैंकरों से पानी जुटाने को मजबूर हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2018 में शुरू की गई मुख्यमंत्री हलाली नलजल परियोजना के माध्यम से लगभग 40 किलोमीटर दूर हलाली बांध से शहर तक पेयजल पहुंचाया जाता है। लेकिन इन दिनों डैम से पानी लाने वाली मोटर में कचरा फंसने और पंप खराब होने से पानी फिल्टर प्लांट रायसेन भोपाल बायपास तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसका सीधा असर शहर की नलों में जलापूर्ति पर पड़ा और कई वार्डों में लगातार आठ से दस दिनों से पानी नहीं पहुंचा।

### पानी खरीदने को मजबूर रहवासी

जल संकट के कारण लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई है। सुबह से ही हैंडपंपों पर पानी भरने के लिए लंबी लंबी कतारें लग रही हैं। कई परिवार निजी टैंकरों से पानी खरीदने को मजबूर हैं। नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका हर महीने नियमित रूप से पानी का बिल वसूलती है।लेकिन अभी बदले में समय पर पानी उपलब्ध नहीं कराया जाता। लोगों का आरोप है कि हर साल गर्मी और बारिश के दौरान जलापूर्ति व्यवस्था चरमरा जाती है। लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया जाता।

### इनका कहना है

तकनीकी खराबी दूर करने का काम तेजी से कराया गया है और गुरुवार से जलापूर्ति शुरू करने के निर्देश दिए हैं।
**मनीष शर्मा,** एसडीएम

# मूंग तुलाई ठप : वेयरहाउस फुल होने पर किसानों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/सिलवानी

समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के दौरान तुलाई नहीं होने से गुरुवार को किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। सिलवानी-सागर मार्ग स्थित टोल नाका के पास आदिनाथ वेयरहाउस के बाहर बड़ी संख्या में किसानों ने चक्काजाम कर दिया। वेयरहाउस पूरी तरह भरने के कारण किसानों की मूंग तुलाई बंद हो गई, जिससे दूर-दराज के गांवों से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में उपज लेकर पहुंचे किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ा।

किसानों का कहना था कि कई दिनों से वे अपनी उपज लेकर तुलाई केंद्र के चक्कर काट




रहे हैं। लेकिन वेयरहाउस में जगह नहीं होने का हवाला देकर उन्हें वापस भेजा जा रहा है। इससे आर्थिक नुकसान के साथ अतिरिक्त परिवहन खर्च भी उठाना पड़ रहा है।

चक्काजाम के कारण सिलवानी-सागर मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा किसानों को समझाने का प्रयास किया।

किसानों ने मांग की कि जब तक आदिनाथ वेयरहाउस में व्यवस्था सामान्य नहीं होती। तब तक किसी अन्य वेयरहाउस में मूंग की तुलाई की तत्काल व्यवस्था की जाए। किसानों ने चेतावनी दी कि जल्द वैकल्पिक तुलाई केंद्र शुरू नहीं किया तो आंदोलन और उग्र होगा।

# मजदूरों से भरा ऑटो पलटा, 4 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले की बेगमगंज तहसील के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार को दोपहर बाद धान रोपाई कर लौट रहे मजदूरों से भरा एक ऑटो पिपरिया जागीर के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। ऑटो में करीब 15 से 18 मजदूर सवार थे। हादसे में कई मजदूर घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार मजदूर खेत में धान की रोपाई का काम पूरा कर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान

◆ पिपरिया जागीर के पास हादसा, तेज रफ्तार में अनियंत्रित हुआ ऑटो, गंभीर घायलों को सागर भेजा

पिपरिया जागीर के पास तेज रफ्तार ऑटो चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ऑटो सड़क किनारे पलट गया।

सूचना मिलते ही सुल्तानगंज थाना पुलिस और डायल-108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सुल्तानगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद प्रकाश कुमार, शिखा कुमारी, राजकुमारी बाई और सविता बाई की गंभीर स्थिति होने पर सागर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य घायलों का इलाज सुल्तानगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि ऑटो में निर्धारित क्षमता से अधिक मजदूर सवार थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# इंसेक्टिसाइड इंडिया लिमिटेड द्वारा किसान संगोष्ठी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

इंसेक्टिसाइड इंडिया लिमिटेड द्वारा बाड़ी कृषि मंडी क्षेत्र में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं फसल सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इस अवसर पर कंपनी ने अपने नए उत्पाद 'ग्रेनुविया' का शुभारंभ किया।

कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि ग्रेनुविया विशेष रूप से धान की फसल के लिए विकसित किया गया है। यह उत्पाद धान में भूरा माहू (बीपीएच) पर लगभग 60 दिनों तक प्रभावी नियंत्रण प्रदान करता है, जबकि तना छेदक की रोकथाम में लगभग 15 दिनों तक असरदार रहता है। इसे धान की बुवाई के 30 से 35 दिन बाद उपयोग



करने की सलाह दी गई। कंपनी के अनुसार यह अपनी श्रेणी में लंबे समय तक प्रभावी रहने वाले उत्पादों में शामिल है। संगोष्ठी में किसानों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए तथा फसल संरक्षण, कीट प्रबंधन और उत्पाद के सुरक्षित एवं वैज्ञानिक उपयोग की जानकारी भी साझा की गई।

कार्यक्रम में कंपनी के जोनल मैनेजर हरीश राठौर, डिप्टी रीजनल मैनेजर सुनील वर्मा, सेल्स एग्जीक्यूटिव सतीश मीणा, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव राघवेंद्र शर्मा, कंपनी के अधिकृत विक्रेता शिवम ट्रेडर्स, बाड़ी के संचालक रतन सिंह (कल्लू पटेल) तथा शिवेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# मंडी सचिव की लापरवाही से व्यापारी कर रहे बड़े स्तर पर मंडी शुल्क की चोरी, एसडीएम ने पकड़ी

## एसडीएम ने की 40 क्विंटल मूंग जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

गत दिनों कृषि उपज मंडी सचिव एवं कुछ व्यापारियों की मिलीभगत से बड़े स्तर पर मूंग खरीदी में व्यापारियों द्वारा पहले नीलामी में मूंग खरीदने और फिर सचिव से सांठगांठ कर नीलामी निरस्त कराकर बिना मंडी शुल्क चुकाए बड़े पैमाने पर कर चोरी किए जाने का समाचार प्रमुखता से लगाया था।

तब नवागत एसडीएम प्रियंका भलावी ने इसे गंभीरता से लेते हुए कड़ी नजर रखना शुरू किया तो आखिरकार बुधवार की शाम को 'कर' चोरी पकड़ी गई।

सूचना मिलने पर एसडीम प्रियंका भलावी ने नायब तहसीलदार विक्रम सिंह राजपूत को साथ लेकर मूंग खरीदी में गड़बड़ी के चलते एक पिकअप एमपी 04 बीएच 9479 को पकड़ा जिसमें मंडी सचिव के करीबी व्यापारी अंकित जैन द्वारा 40 क्विंटल मूंग भरकर एक



उपार्जन केंद्र पर तुलवाई के लिए ले जाई जा रही थी।

बिना मंडी कर चुकाए, बिना अनुज्ञा पत्र एवं बिना वैध दस्तावेजों के मंडी प्रांगण से बाहर निकाली गई पिकअप सड़क पर पकड़ा गया, तो पता चला कि वो शासकीय उपार्जन खरीदी केंद्र पर किसानों के नाम पर समर्थन मूल्य पर तुलवाई के लिए ले जाई रहा थी।

### खरीदी केंद्रों पर किसानों के नाम से बेचते हैं उपज

कृषि मंडी के लाइसेंसधारी कुछ पुराने व्यापारियों ने बताया कि कृषि मंडी सचिव की मिलीभगत से 3 व्यापारी मंडी प्रांगण में नीलामी में तो भाग लेते हैं फिर उस नीलामी को वो निरस्त कराकर नंबर दो में मूंग बाहर ले जाकर उपार्जन केंद्रों पर किसानों के नाम पर बेंच देते हैं। बुधवार की शाम को भी उनमें से एक व्यापारी अंकित जैन ने यही खेल खेला और मूंग की नीलामी निरस्त कराकर चुपके से मूंग मंडी से बाहर ले जाकर बेगमगंज के उपार्जन केंद्रों पर किसानों के नाम पर तुलाई के लिए भिजवा रहा था। बताया गया है कि पिछले डेढ़ माह से यह खेल चल रहा था कि अचानक एसडीएम प्रियंका भलावी ने बुधवार को इसका भंडाफोड़ कर दिया।

प्रकरण में संबंधित व्यापारी अंकित जैन एवं वाहन चालक कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पिकअप को जब्त करके पहले थाने में फिर रात में मंडी प्रांगण में अभिरक्षा में खड़ी करवा दी गई है।

### व्यापारियों के स्टॉक एवं गोदाम की भी जांच की जा रही

एसडीएम प्रियंका भलावी ने बताया कि 40 क्विंटल मूंग से भरी पिकअप को जब्त किया है। अब सभी व्यापारियों के स्टॉक एवं गोदाम एवं किसानों की पंजीयन की भी जांच की जा रही है। आशंका है कि कुछ व्यापारी मंडी से मूंग ले जाकर बिना मंडी शुल्क चुकाए बेगमगंज एवं सिलवानी के उपार्जन केंद्रों पर किसानों के नाम पर कराए गए पंजीयन पर तुलाई करवाकर बेंच रहे हैं।

बताया गया है कि यह खेल लंबे समय से चल रहा था। जिसके कारण शासन को लाखों रुपए की टैक्स चोरी से नुकसान हुआ है।

### गैरतगंज के भानपुरगंज, बिलवानी और बंडोली को मिली नई सौगात

# आधुनिक ग्राम पंचायत भवनों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

जनपद पंचायत गैरतगंज के ग्रामीण अंचलों में विकास के नए और स्वर्णिम आयाम जुड़ गए हैं। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग और विकास की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को एक विशेष एवं गरिमामयी समारोह के दौरान भानपुर गंज, बिलवानी और बंडोली में नवनिर्मित अत्याधुनिक ग्राम पंचायत भवनों का भव्य लोकार्पण किया। इन सौगातों से स्थानीय ग्रामीणों में अभूतपूर्व उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

नवनिर्मित भवनों के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ढोल-ढमाकों और आतिशबाजी के बीच स्थानीय नागरिकों ने इन विकास कार्यों का स्वागत किया। ग्रामीणों का कहना था कि इन भवनों के बनने से अब पंचायत स्तर के सभी शासकीय कार्य एक ही छत के नीचे सुलभता से हो सकेंगे, जिससे लोगों को सरकारी कामों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

**ग्रामीण विकास का नया अध्याय, क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने जनता के सामने रखा विकास कार्यों का खाता बही**




### विकास का कारवां जारी रहेगा : विधायक डॉ. चौधरी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने फीता काटकर भवनों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए क्षेत्र में अब तक कराए गए विकास कार्यों का विस्तृत बही खाता जनता के समक्ष रखा। क्षेत्र का विकास ही मेरा एकमात्र संकल्प है। जनता ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरते हुए सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचागत विकास को गति दी गई है। यह विकास का कारवां यहीं रुकने वाला नहीं है, यह सतत् और निरंतर इसी प्रकार आगे बढ़ता रहेगा।

### भवनों की विशेषताएं और जनता को लाभ

**एक ही छत के नीचे सेवाएं :** ग्रामीणों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आवास योजनाओं की जानकारी और अन्य प्रशासनिक काम आसानी से मिल सकेंगे।

**पारदर्शिता और सुगमता :** आधुनिक सुविधाओं से लैस इन भवनों से ग्राम पंचायतों के कामकाज में पारदर्शिता आएगी।

**बैठकों के लिए बेहतर स्थान :** जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की बैठकों के लिए अब एक स्थायी और सुसज्जित स्थल उपलब्ध हो गया है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सरपंच, सचिव, जनपद प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नंगे पैरों में घुंघरू और कंधों पर कांवड़ लेकर उज्जैन तक आस्था की पद यात्रा

## विदिशा के चरण तीर्थ घाट से जल लेकर निकले दो शिवभक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे पर स्थित कर्क रेखा पर गुरुवार सुबह आस्था का अनूठा नजारा देखने को मिला। विदिशा के चरण तीर्थ से कांवड़ में पवित्र बेतवा नदी का जल लेकर दो शिवभक्त नंगे पैर उज्जैन के बाबा महाकाल के दरबार के लिए पदयात्रा पर निकले हैं।

यात्रा के दौरान दोनों भक्तों के पैरों में चोट से बचाव के लिए केवल पन्नी बंधी हुई थी, जबकि कांवड़ लेकर चल रहे शिवा खटीक ने अपने दोनों पैरों में घुंघरू बांध रखे हैं। शिवा खटीक, निवासी विदिशा ने बताया कि यह उनका संकल्प है कि जब तक कांवड़ यात्रा पूरी कर बाबा महाकाल के मंदिर नहीं पहुंच जाते, तब तक वह अपने पैरों से घुंघरू



नहीं उतारेंगे और कांवड़ भी कंधे से नहीं रखेंगे।

उनका कहना है कि महाकाल के दर्शन और जलाभिषेक के बाद ही यह संकल्प पूर्ण होगा। यात्रा में उनके साथ निलेश अहिरवार भी शामिल हैं, जो हाथों में धर्म ध्वज लेकर आगे चल रहे हैं, जबकि पीछे शिवा खटीक कांवड़ लेकर आगे बढ़ रहे हैं। दोनों श्रद्धालु बुधवार को विदिशा के चरण तीर्थ से रवाना हुए थे और प्रतिदिन 25 से 30 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर रहे हैं।

### 12-13 दिनों में महाकाल का करेंगे जलाभिषेक

श्रद्धालुओं ने बताया कि उनका लक्ष्य 12 से 13 दिनों में उज्जैन पहुंचकर भगवान महाकाल का जलाभिषेक करना है। सावन माह में इस प्रकार की कठिन पदयात्रा श्रद्धालुओं की अटूट आस्था, श्रद्धा का जीवंत उदाहरण बन रही है। हाईवे 18 से रोजाना कावड़ यात्रा का निकलने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है रोजाना कावड़ लेकर भक्त निकलते दिखाई दे रहे हैं।